इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति " ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 अंक - 274 राजनांदगांव, शनिवार 23 अगस्त 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# ट्रंप के टैरिफ को ठेंगा! पीएम मोदी इसी महीने करेंगे चीन और जापान का दौरा, शेड्यूल जारी

नई दिल्ली। पीएम नरेन्द्र मोदी अगले हफ्ते जापान व चीन की यात्रा पर जाएंगे। पीएम मोदी पहले 29-30 अगस्त, 2025 को जापान जाएंगे और इसके बाद 31 अगस्त से एक सितंबर, 2025 तक चीन जाएंगे।

चीन में पीएम मोदी शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में हिस्सा लेंगे और साथ ही वहां कई द्विपक्षीय बैठकों में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया है कि पीएम शिगेरू इशीबा के आमंत्रण पर पीएम मोदी जापान जाएंगे, जो उनकी आठवीं जापान यात्रा होगी।

पीएम मोदी और पीएम इशीबा की अगुवाई में भारत-जापान सालाना बैठक का आयोजन होगा जिसमे द्विपक्षीय संबंधों की मौजूदा स्थिति की समीक्षा होगी और आगे की रणनीति की घोषणा की जाएगी। यह पीएम इशीबा के साथ पीएम मोदी की पहली सालाना बैठक होगी।

जापान व भारत की सालान बैठक में रक्षा व सुरक्षा, कारोबार व इकोनमी, प्रौद्योगिकी व अन्वेषण सहयोग पर बात होगी और साथ ही क्षेत्रीय व वैश्विक हालात पर भी चर्चा होगी। जानकारों ने बताया है कि जापान की तरफ से इस बैठक में भारत में नये निवेश की घोषणा की जाएगी। तीन वर्ष पहले इस तरह की



सालाना बैठक में जापान ने भारत में पांच वर्षों में जितना निवेश करने का वादा किया था, उसे अभी ही पूरा कर लिया गया है।जापान के बाद राष्ट्रपति शी चिनफिंग के आमंत्रण पर पीएम मोदी चीन जाएंगे।

### अमेरिका-भारत तनाव के बीच दौरे का महत्व

यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से रूसी तेल खरीदने पर 25त्न टैरिफ लगाया है और इसे और बढ़ाने की धमकी दी है। ट्रंप ने भारत पर 'रूस युद्ध मशीन' को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। ऐसे में पीएम मोदी का चीन और जापान दौरा भारत की कूटनीतिक रणनीति को और मजबूत करने वाला माना जा रहा है। यह पीएम मोदी की सात वर्षों बाद चीन यात्रा होगी। दो दिन पहले ही पीएम मोदी ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ मुलाकात के दौरान कहा था कि वह अपनी चीन यात्रा को लेकर उत्सुक हैं।

### पीएम मोदी और चिनफिंग की मुलाकात पर टिकी दुनिया की नजर

चीन के राजदूत शु फीहोंग ने एक दिन पहले कहा है कि चीन व भारत के अधिकारी मोदी की यात्रा को सफल बनाने के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। मोदी और शिनफिंग के बीच मुलाकात पर पूरी दुनिया की नजर होगी। हाल ही में पीएम मोदी ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की थी, जिसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, पिछले साल कजान में शी जिनपिंग के साथ मुलाकात के बाद भारत-चीन संबंधों में सकारात्मक प्रगति हुई है। 2024 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं की मुलाकात ने लद्दाख में एलएसी पर तनाव कम करने की दिशा में कदम उठाए थे। इस यात्रा से स्थिर और रचनात्मक संबंधों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जो क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए महत्वपूर्ण है।









# चैंबर ऑफ़ कॉमर्स द्वारा स्वदेशी अभियान एवं जागरुकता रैली निकली




**भारी बारिश में व्यापारियों का जोश दुगुना हुआ**

राजनांदगांव (दावा)। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स राजनांदगांव द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु स्वदेशी वस्तुओं को जन-जन तक पहुंचने के अभियान के तहत आज शहर के प्रतिष्ठित व्यापारियों ने स्वदेशी अभियान के समर्थन में एक विशाल रैली निकाली और स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ के नारे को बुलंद करते हुए रैली गंज लाइन स्थित बालाजी मंदिर से शुरू हुई, जो तिरंगा चौक से रामाधीन मार्ग,कामठी लाइन होते हुए गुड़ाखू लाइन से जयस्तम चौक से मानव मंदिर चौक होते हुए सिनेमा लाइन से वापस भारत माता चौक पहुंची, जहां पर स्वदेशी रैली का समापन किया गया। इसमापन के अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख ने रैली में उपस्थित व्यापारियों के हौसले की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वदेशी अभियान अभियान आज इसलिए सफल होगा, क्योंकि यहां का व्यापारी भारी बारिश में भी इस रैली में भीगते हुए निकले और अपनी आवाज को जन-जन की आवाज से जोड़ा है।

खुबचंद पारख ने कहा कि 11वें नंबर से भारत मोदी जी के नेतृत्व में भारत चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था का देश बन चुका है, उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए मोदी जी ने लोकल फॉर वोकल और आत्मनिर्भर भारत की कल्पना की है, जिसे साकार करने के लिए आज व्यापारी जगत लग चुका है और आज अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के बढ़ते हुए प्रभाव को कम करने के लिए 50 प्रतिशत टेरिफ लगाने की घोषणा की, परंतु पारख ने कहा कि अगर अमेरिका 100 प्रतिशत टेरिफ लगाएगा तो भी भारत के नागरिक अपने विचारों से और देशभक्ति के माध्यम से भारत के 140 करोड लोग स्वदेशी अपना कर अमेरिका को करारा जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने की मोदी जी की सोच और आर्थिक व्यवस्था को सुधारने में पूरा व्यापारी समाज उनके साथ खड़ा है। कार्यक्रम का सफल संचालन विनोद डड्डा ने किया।

आभार प्रदर्शन में चेंबर के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद ने बताया कि चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के निर्देश पर पूरे छत्तीसगढ़ में आज एक साथ स्वदेशी अभियान के इस आंदोलन का आगाज किया गया है। उन्होंने बताया कि एक ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत को गुलाम बना दिया था, आज हजारों की संख्या में विदेशी कंपनियां भारत में व्यापार कर रही हैं, और भारत के लोकल प्रोडक्ट गुणवत्ता पूर्ण होने के बाद भी लोगों की हीन मानसिकता के कारण पिछड़ते जा रहे हैं।

रैली में प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख, मन्नुमल मोटलानी, आशीष अग्रवाल, रूपचंद भीमनानी, राहुल बोहरा, बलविंदर बग्गा, हर्ष चितलांगिया, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल, विनोद डड्डा, भीमन धनवानी एवं प्रदेश मंत्री तरुण लहरवानी तथा अमर लालवानी, शिव अग्रवाल, मुरली पंजवानी, अंकित खंडेलवाल, स्वदेशी जागरण मंच के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोज निर्वाणी, दीपक नौलखा, ललित भंसाली, भागचंद गीडिया, महेंद्र सुराणा, विजय कांकरिया, राजकुमार बाफना, जितेश पटेल, दिलीप वाधवानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### आज रॉयल किड्स कॉन्वेंट में शपथ ग्रहण समारोह

**आयुक्त अतुल विश्वकर्मा दिलवाएंगे शपथ**

राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट में आज एक महत्वपूर्ण शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा होंगे। इस अवसर पर बच्चों को अच्छे से कार्य करने के लिए शपथ दिलवाई जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह का उद्देश्य बच्चों में अनुशासन निष्ठा और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है। इस समारोह में बच्चों को अपने कार्यों के प्रति जवाबदेह होने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा शाला के आईसीएसई बोर्ड के हेड बॉय शौर्यन प्रताप सिंह, हेड गर्ल वैभवी खंडेलवाल, सीबीएसई बोर्ड के हेड बॉय राजहर्ष बाफना, हेड गर्ल शैली अग्रहरि, सीजी बोर्ड के हेड बॉय महेश्वर चंद्रवंशी, हेड गर्ल अंतरा गोसाईं व उनकी कार्यकारिणी को शपथ दिलवाएंगे और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। रॉयल किड्स कॉन्वेंट की इस पहल से बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की संभावना है।

### श्री मिथिलाधाम गणेश मंदिर में पं. निरंजन ठाकुर के मार्गदर्शन में श्री गणेश का विशेष अनुष्ठान

राजनांदगांव (दावा)। श्री मिथिला धाम गणेश मंदिर जो कि राजनांदगांव शहर का एकमात्र गणेश जी का मंदिर है यहां पर प्रत्येक वर्ष की भांति 27 अगस्त गणेश चतुर्थी के दिन से पं. निरंजन ठाकुर के मार्गदर्शन में श्री गणेश का विशेष अनुष्ठान अनंत चतुर्दशी के दिन तक चलेगा।

इस कार्यक्रम में गणेश जी के प्रतिदिन दुग्धाभिषेक विधि विधान पूर्वक किया जाएगा हर दिन अलग-अलग यजमान के द्वारा अभिषेक पूजन किया जाएगा श्री गणेश का अभिषेक बहुत फलदाई पूजन कार्यक्रम है जो व्यक्ति अभिषेक नहीं कर सकते वह कम से कम अभिषेक कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य का लाभ उठा सकते हैं। प्रथम दिन के यजमान मनोज चौधरी परिवार है, इसके अलावा अलग-अलग दिन लोग अनंत चतुर्दशी तक पूजन करेंगे यह जानकारी मंदिर समिति के अशोक चौधरी एवं मंदिर के महंत त्यागी बाबा ने दी है गणेश पूजा अपने घरों में करने के लिए मंदिर के पंडित आदित्य झा और पंडित निरंजन ठाकुर से संपर्क कर सकते हैं।

### आज मोतीपुर में आयुष विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर

राजनांदगांव (दावा)। आज 23 अगस्त दिन-शनिवार को समय प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक स्थानीय शासकीय भवन, आजाद चौक मोतीपुर में आयुष विभाग द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. शिल्पा मिश्रा, जिला आयुष अधिकारी, राजनांदगांव द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा उपचार कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया जावेगा। साथ ही शिविर में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी द्वारा जनमानस का प्रकृति परीक्षण एवं काढा वितरण भी किया जायेगा। आयुष विभाग ने शहर के नागरिकों से उक्त आयोजित निःशुल्क शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### पीएम आवास योजना के टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर समस्या का कर सकते है समाधान - किरण वैष्णव




राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत कच्चे मकान में रहने वाले गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को सर्वसुविधायुक्त पक्का मकान का लाभ देना सुनिश्चित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत हितग्राही को अगर किसी भी तरह की समस्या या जानकारी उपलब्ध करानी हो तो राज्य कार्यालय से एक टोल फ्री नंबर 1800-233-1290 जारी किया गया है। जिसमें सम्पर्क कर आप प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में आ रही समस्या का समाधान कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए आप इस टोल फ्री नंबर पर काल करें और जानकारी उपलब्ध करायें।




dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
भीड़ भरा दूसरा दिन रोजाना 4 खेल
छत्तीसगढ़ी भाषा में
मोही डारे 2
कला : करण खान, शालिनी, जीत शर्मा, क्रांति दीक्षित




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# ओव्हरब्रिज में भारी यातायात का दबाव नागरिकों की जान से खिलवाड़ न करें भाजपा सरकार- कुलबीर



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र 2023 में खैरागढ़ रोड में नए ओव्हरब्रिज की घोषणा कर भाजपा सरकार प्रदेश में सत्ता तो हथिया ली पर जनता से किए गए वादे भूल बैठी है। शहर से पटरीपार जाने का मुख्य मार्ग ओव्हरब्रिज है किन्तु यातायात के भारी दबाव के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होना आम बात हो गयी है। कई नागरिकों की दुर्घटना के कारण जाने जा चुकी है। ओव्हरब्रिज में बीचों बीच डिवाइडर बनने से रोड और सकरी हो गई। कभी भी भारी वाहन ओव्हरब्रिज में बिगड़ जाएं तो दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है जिसके कारण दो पहिया वाहनों से लेकर पैदल यात्रियों को भी निकलने में भारी परेशानी होती है। जिसको लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा 22 अगस्त शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्यवाही की मांग की।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि से शहर से पटरी पार जाने वाले मार्ग ओव्हरब्रिज में बहुत ही ज्यादा दबाव बढ़ गया है जिस कारण कई नागरिक दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके हैं। इस बात को लेकर कांग्रेस द्वारा प्रशासन से लगातार गुहार लगाई जा रही है। यहां के विधायक पूर्व मुख्यमंत्री व छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के चुनावी घोषणा पत्र में नए ओव्हरब्रिज निर्माण की बात कही है। प्रशासन से चर्चा करने पर पता चलता है कि अंडरब्रिज के निर्माण के बाद ओव्हरब्रिज का निर्माण होगा। अंडरब्रिज निर्माण के लिए कांग्रेस शासन स्वीकृत कराकर काम तो शुरू कर दिया पर भाजपा की सरकार आते ही निर्माण कार्य बहुत धीमा हो गई। इसको लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा लगातार धरना-प्रदर्शन किया पर भाजपा सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंगा। क्या पांच तक ऐसे ही चलता रहेगा और चुनाव जब आएंगे तब जनता को दिखाने कार्य शुरू कराएंगे, किन्तु इनको यहां पता होना चाहिए कि ओव्हरब्रिज में कितने लोग अपने जान गवा चूंके है और इन भाजपा नेताओं और कितने लोगों के मरने का इंतजार है। क्या भाजपा सरकार की घोषणा पत्र, चुनाव के वादे व कार्यप्रणाली यही है कि लोगों की जान पर राजनीति किया जाएं। भाजपा सरकार आगामी चुनाव का लाभ लेने चाहते है, इसलिए अंडरब्रिज का निर्माण धीरे-धीरे कर रहे हैं। डॉ.रमन सिंह द्वारा अपने चुनाव घोषणा पत्र में किए वादे के अनुरूप जल्द-जल्द नए ओव्हरब्रिज का निर्माण कराकर जनता को राहत दें और नए ओव्हर ब्रिज का निर्माण कराएं नहीं तो आने वाले दिनों में जनहित मुद्दों को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी शहरवासियों के साथ उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ पार्षद हफीज खान, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, महामंत्री झम्मन देवांगन, नरेश शर्मा, मोहिनी सिन्हा सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### लखोली में आज होगी रोमांचक बैल दौड़ प्रतियोगिता

राजनांदगांव (दावा)। लखोली में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन आज शनिवार 23 अगस्त को पोला पर्व के शुभ अवसर पर किया जा रहा है। यह आयोजन लखोली युवा संगठन एवं समस्त वार्डवासियों के तत्वावधान में संपन्न होगा। आयोजन समिति के सदस्य भानु मरकाम ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को 151 रुपए प्रवेश शुल्क के रूप में जमा करना होगा। साथ ही सभी प्रतिभागियों को आकर्षक इनाम प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने वार्डवासियों सहित आसपास के लोगों बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### चांदनी चौक चिखली में आज बैल दौड़ दही हांडी महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पोला पर्व के उपलक्ष्य में बैल दौड़ तथा दही हांडी का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 23 अगस्त दिन शनिवार को बैल दौड़ तथा 24 अगस्त को दही हांडी का कार्यक्रम चांदनी चौक चिखली रखा गया है।

### गुजराती स्कूल के छात्रों का शालेय संभाग स्तरीय तैराकी खेल प्रतियोगिता में हुआ चयन



राजनांदगांव (दावार)। जिला शिक्षा अधिकारी, राजनांदगाँव द्वारा जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 'तैराकी खेल' का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, राजनांदगांव में कराया गया। जिसमें संस्था गुजराती राष्ट्रीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल कक्षा-8वीं के छात्र भूपेश कुमार साहू, ओंकार का बालक वर्ग अंडर 14 तथा कक्षा 6वीं की छात्रा होमेश्वरी पटेल का बालिका वर्ग अंडर 14 में आगे संभाग स्तरीय तैराकी खेल के लिए चयन हुआ हैं। बच्चों के चयन के लिये संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, कार्यकारिणी सदस्य सूरज बुद्धदेव, गौरव ठक्कर, पीयूष पटेल, प्राचार्या सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्या श्रीमति अर्पणा श्रीवास्तव, स्पोर्ट्स टीचर अनुसुईया साहू एवं सुधा साहू ने हार्दिक व बधाई शुभकामनाएं दी।

**आवश्यकता है**

प्रेस में रात्रिकालीन चौकीदार एवं हेल्पर की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।

संपर्क :- दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726

# मोदी की गारंटी लागू करवाने फेडरेशन ने किया एक दिवसीय आंदोलन सफल



**हड़ताल के कारण सभी कार्यालयों में हुआ तालाबंदी, शासकीय कार्य हुए प्रभावित**

राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ शासन को मोदी की गारंटी लागू करने का नोटिस दिया था। फेडरेशन द्वारा प्रथम चरण में 16 जुलाई को राज्य के सभी ब्लॉक तथा जिलों में रैली निकालकर 'मोदी की गारंटी' लागू करने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। गौरतलब है कि फेडरेशन ने विधानसभा चुनाव के पहले प्रदेश के कर्मचारियों से किया गया मोदी की गारंटी का वादा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूरा नहीं करने के कारण चरणबद्ध आंदोलन किया था। वादाखिलाफी के विरुद्ध पुनः आंदोलन का रुख अपनाना पड़ा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, प्रांतीय सचिव राजेश चटर्जी, प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा, जिला संयोजक सतीश ब्यौहरे, जिला महासचिव पी.आर. झाड़े, जिला संरक्षक डॉ.के.एल टांडेकर के अलावा संगठन के पदाधिकारीयों में प्रमुख रूप से डी. एल.चौधरी, टीकम सिंह ठाकुर, राम नारायण बघेल, भीषम ठाकुर, संतोष चौहान डॉ.अशोक जैन, वीरेंद्र कुमार रंगारी, अरुण देवांगन, संजय तिवारी, कृतलाल साहू, विनोद मिश्रा, बृजभान सिन्हा, हरीश भाटिया, महेश साहू, केदार शांडिल्य, दिलीप बारले, योगेश चौरे, संजय सिंह, आदर्श वासनिक, मनीष साहू, राजेश साहू, महेश्वर प्रसाद साहू, माधो सिंह, श्रीमती दुर्गा जादौन, रमेश कुमार साहू, डेविड भूआर्य, देवेंद्र सिंह ठाकुर ,एन एल देवांगन, उपेंद्र रामटेक, छन्नू लाल साहू, जाकेश साहू, निलेश रामटेके, अरविंद रजक ने बताया कि प्रथम चरण में 16 जुलाई 25 को राज्य के सभी ब्लॉक तथा जिला मुख्यालय में वादा निभाओ रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने में रुचि नहीं दिखाया जिसके कारण 22 अगस्त को प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारी सामूहिक अवकाश में रहकर राज्यव्यापी कलम बंद काम बंद हड़ताल में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि यदि सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा नहीं किया तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेने बाध्य होगा। सरकार कर्मचारियों के मुद्दों को नजरअंदाज कर रही है।

इसी परिपेक्ष में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन राजनांदगांव द्वारा जिला संयोजक सतीश ब्यौहरे जिला महासचिव पी.आर.झाड़े, जिला संरक्षक डॉ.के.एल.टांडेकर के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में ओवर ब्रिज के नीचे, कलेक्ट्रेट के सामने हजारों की संख्या में एकत्रित होकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अपनी 11 सूत्रीय जायज मांगों के लिए लामबद्ध हुए। उक्त धरना प्रदर्शन प्रातः 11:00 से 4:00 बजे तक आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन के पश्चात मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव पी.आर.झाड़े ने किया।

# पति ने पत्नि का गला घोंटकर किया था हत्या, हत्यारे पति को उम्रकैद की सजा

**शहर के मठपारा का मामला**

राजनांदगांव (दावा)। अपनी पत्नि का गला घोंटकर हत्या करने के एक मामले में संपूर्ण सुनवाई उपरान्त फैसला सुनाते हुये फास्ट ट्रेक कोर्ट राजनांदगांव के अपर सत्र न्यायाधीश 'विजय कुमार साहू' ने आरोप साबित पाये जाने पर अभियुक्त पति अश्विन कुमार मेश्राम पिता राधेलाल मेश्राम, उम्र 31 वर्ष, निवासी खातिया, थाना रावणवाड़ी, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) को आरोप साबित पाये जाने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत् आजीवन कारावास एवं 5000 रूपये का अर्थदंड की सजा से दंडित किये जाने का दण्डादेश पारित किया गया। मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले अतिरिक्त लोक अभियोजक, फास्ट ट्रैक कोर्ट, राजनांदगांव अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि, अभियुक्त अश्विन मेश्राम एवं मृतिका रोशनी मेश्राम घटना के एक-डेढ़ वर्ष पूर्व लव मैरिज किये थे। दोनों मठपारा, राजनांदगांव निवासी शुभम यादव के यहाँ किराये से रहते थे। दोनों पति-पत्नि में अक्सर लड़ाई-झगड़ा होते रहता था। दिनांक 27 सितंबर 2023 को भी दोनों पति पत्नि के बीच लड़ाई-झगड़ा हुआ जिस पर अभियुक्त अश्विन मेश्राम के द्वारा अपनी पत्नि रोशनी मेश्राम के गले को दुपट्टे से कसकर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दिया। अभियुक्त के जीजा खेलचंद गजभिये की सूचना पर थाना सिटी कोतवाली द्वारा मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। जांच के दौरान अभियुक्त अश्विन मेश्राम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था तथा संपूर्ण जांच उपरान्त भारतीय दण्ड विधान की धारा 302 के तहत् अभियोग पत्र विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

**शुभांक**

बी. के
1-5-9
899-6 279-8
राजधानी
3-6-9
677-0 269-7

अनुमानित

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका खतीजा (KHATEEJA) आ. हबीब अहमद उम्र 22 वर्ष जाति मुसलमान निवासी ग्राम वार्ड नं. 14 अं.चौकी तह. अं.चौकी जिला-मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.) की निवासी हूं। मेरे नाम से पूर्व में भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है जिसमें मेरे नाम के स्थान पर खदीजा (KHADIJA) अंकित है। तथा उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे नाम से बना अंकसूची एवं अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर खतीजा (KHATEEJA) अंकित है, उक्त नाम सही है। इसलिये उक्त नाम को आधार कार्ड में अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो सात दिवस के भीतर आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान- अं.चौकी दिनांक-22/08/2025

आवेदिका
खतीजा (KHATEEJA)
निवासी ग्राम अं. चौकी
तह. अं.चौकी, जिला-मो.मा.अं.चौकी

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग, दुर्ग**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

ज्ञाप क्र. 5725 / नि.प्र. क्र. 07/लो.नि.वि./ 2025-26 दुर्ग, दिनांक 21/08/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :-01/09/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 05/09/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 08/09/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस मे खोली जावेगी।

| स.क्र./ निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| (1) T 0085 | Providing and Fixing Lightening Conductor at Eklavya Building Dondi, District Balod (2nd Call) | 4.65 Lacs |
| (2) T 0086 | Providing and Fixing Lightening Conductor at Housing Board Building Dondi, District Balod (2nd Call) | 1.88 Lacs |
| (3) T 0087 | Providing and Fixing Flood Light in the Existing Pole of Basket Ball open Court at Digvijay Stadium Rajnandgaon, District Rajnandgaon (2nd Call) | 5.47 Lacs |
| (4) T 0088 | Providing Electrification work to Guard Room at District Court Bemetara, District Bemetara (2nd Call) | 0.23 Lacs |
| (5) T 0089 | S/R for Electrification work in the G-type Qtr. G-6 at PWD Colony Balod, District Balod (2nd Call) | 0.49 Lacs |
| (6) T 0090 | Providing Internal Electrification work to Proposed Meeting Hall for District Court Kawardha, District Kabirdham (3rd Call) | 2.97 Lacs |
| (7) T 0091 | Providing Electrification work to F-type Judicial Qtr. at Saja, District Bemetara (3rd Call) | 2.85 Lacs |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्तें का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

टीपः- (1) आबंटन प्राप्त होने पर ही देयक का भुगतान किया जायेंगा।

जी -252603018/2

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग

# शोक संवेदना प्रकट करने अभिषेक सिंह सोमनी, ककरेल और कन्हारपुरी पहुंचे



राजनंदगांव (दावा)। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह आज एक दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव ग्रामीण के सोमनी एवं ककरेल ग्राम पहुंचे और शोक संतृप्त परिवार को संवेदना व्यक्त करने के लिए नर्मदा पांडेय, स्वर्गीय मथुरा यादव एवं सतीश जंघेल के घर पहुंचे। ग्राम ककरेल में युवा सरपंच स्वर्गीय अभिषेक पाटिल के परिवार में पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया। विदित हो कि पिछले दिनों राजनांदगांव सृष्टि कॉलोनी स्थित अटल आवास की छत पर टहलते हुए अभिषेक पाटिल आकस्मिक घटना का शिकार हो गए थे।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अभिषेक सिंह सोमनी एवं ककरेल के बाद कन्हारपुरी पहुंचे, जहां पर दुर्घटना में आकाश साहू की मृत्यु होने पर उनके घर पहुंचे और आकाश की दुखद मृत्यु पर दुख प्रकट करते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, प्रशांत गोलू गुप्ता, सुमित भाटिया, खिलेश्वर साहू, रोहित चंद्राकर, देवकुमारी साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, रमेश चंद्राकर, तारांचंद साहू,सोहन साहू,रमन राजपूत, संदीप साहू, कनक दुबे, हरिशंकर देशमुख, बच्चन देशमुख, नरेश साहू,रेवती साहू, अशोकादित्य श्रीवास्तव, हकीम खान, बलवंत साव, दीपक निर्मलकर, सुरेश साहू, प्रकाश मारकंडे, तरुण लहरवानी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।


HAPPY BIRTHDAY
MADHU BHAIYA
- राजनांदगांव के लोकप्रिय जन नेता -
महापौर नगर पालिक निगम, राजनांदगांव
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाए...
23th AUGUST
प्रतिमा पप्पू चन्द्राकर
विनीत - भारतीय जनता पार्टी, जनपद पंचायत, राजनांदगांव (छ.ग.)


- राजनांदगांव के लोकप्रिय नेता -
महापौर नगर पालिक निगम, राजनांदगांव
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाए...
23th AUGUST
पार्षद वार्ड नं. 25
विनीत - भारतीय जनता पार्टी, वार्ड नं. 26 भरकापारा, राजनांदगांव (छ.ग.)


हम सब के प्रिय जननायक, महापौर
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
23 AUGUST
अध्यक्ष
ड्रायवर संघ एण्ड टैक्सी स्टैण्ड
नया बस स्टैण्ड के सामने, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

## अनमोल दावा

> कर्म के अनुसार ही हमें फल मिलता है। हमारे कार्य ही हमारे भाग्य का निर्माण करते हैं।

## सुधारी गई एक ऐतिहासिक भूल किसी भी समझौते का सम्मान सद्भावनापूर्वक करने का दायित्व उस संधि की मौलिक आवश्यकता होती है

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से सिंधु जल संधि पर कहा कि च्भारत ने अब निर्णय ले लिया है कि खून और पानी एक साथ नहीं बहेंगे। लोगों को अहसास हो गया है कि सिंधु जल संधि अन्यायपूर्ण थी। सिंधु नदी प्रणाली के पानी से दुश्मन की जमीनों की सिंचाई होती रही, जबकि हमारे किसान कष्ट झेलते रहे।ज् उनका यह आक्रोश पहली बार नहीं था।

वह इस मुद्दे पर कई मंचों से प्रखरता से बोलते रहे हैं। लोकसभा में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान भी उन्होंने कहा था कि च्भारत के राष्ट्रीय हितों को तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा बार-बार गिरवी रखा गया। सिंधु और झेलम जैसी नदियां, जो कभी भारत की पहचान का पर्याय थीं, भारत की अपनी नदियां और जल होने के बावजूद मध्यस्थता के लिए विश्व बैंक को सौंप दी गईं। यह भारत के स्वाभिमान और सांस्कृतिक मूल्यों के साथ एक विश्वासघात था।ज

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सबसे पहले भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने का कठोर निर्णय लिया। सिंधु जल संधि को स्थगित करने का निर्णय वह साहसिक फैसला है, जो पहले कभी नहीं लिया गया। फिर चाहे 1965, 1971 का युद्ध हो या 1999 का कारगिल संघर्ष। इस साहसिक निर्णय ने आतंक के विरुद्ध भारत के सोच, कठोर कार्रवाई और रणनीति को दुनिया के समक्ष पूरी स्पष्टता से साबित किया है।

सिंधु जल संधि हमारी स्वतंत्रता के शुरुआती वर्षों में की गई ऐतिहासिक गलतियों और भूलों में से एक थी। इस पर 19 सितंबर, 1960 को कराची में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति अयूब खान द्वारा सद्भावना के प्रतीक के रूप में हस्ताक्षर किए गए। सिंधु जल संधि में सैद्धांतिक रूप से पाकिस्तान और भारत के बीच 80:20 के अनुपात में सिंधु जल प्रणाली के वितरण पर सहमति व्यक्त की गई।

इस प्रणाली से पाकिस्तान को एक बड़ा हिस्सा मिलने के अलावा संधि ने रावी, व्यास और सतलुज की तीन पूर्वी नदियों के पानी को भारत के उपयोग के लिए और सिंधु, झेलम और चेनाब की तीन पश्चिमी नदियों के पानी को पाकिस्तान के उपयोग के लिए अनुमति दी गई। इसके अलावा 10 साल की संक्रमण अवधि पर सहमति बनी और कहा गया कि इस दौरान पाकिस्तान पश्चिमी नदियों पर लिंक नहरों की एक प्रणाली का निर्माण करेगा और इसका भुगतान भारत द्वारा किया जाएगा।

इसकी लागत 83क3 करोड़ रुपये आंकी गई थी, जो आज के हिसाब से करीब 8,000 करोड़ रुपये है। इसके अलावा विश्व बैंक की भागीदारी से पाकिस्तान को लगभग 400 करोड़ रुपये का अनुदान मिल रहा था। भारत को अपनी लिंक नहरों के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक की दरकार थी, लेकिन उसे केवल 30 करोड़ रुपये मिल रहे थे और वह भी ऋण के रूप में। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण था? उस समय भी इस संधि पर हस्ताक्षर के खिलाफ देश में व्यापक निराशा थी।30 नवंबर, 1960 को संसद में सिंधु जल संधि पर चर्चा करते समय पाली, राजस्थान से कांग्रेस के सांसद हरीश चंद्र माथुर ने सिंधु जल संधि पर समाचार पत्र के संपादकीय का उल्लेख करते हुए कहा था, च्विवाद के लगभग हर मुख्य बिंदु पर भारत ने अक्सर अपने हितों की कीमत पर पाकिस्तान की इच्छाओं के आगे घुटने टेके हैं। उस समय प्रचलित धारणा यह थी कि भारत ने कुछ भी हासिल किए बिना पाकिस्तान को बहुत अधिक रियायत दे दी। पार्टी लाइन से विपरीत कांग्रेस के सांसदों की भावना यह थी कि इस निर्णय से राजस्थान राज्य सबसे अधिक प्रभावित होगा। पंडित नेहरू इससे बेपरवाह दिखे और उन्होंने सदन के सदस्यों का च्एक बाल्टी पानीज् को मुद्दा बनाने के लिए उपहास किया।

पंडित नेहरू के जवाब से असंतुष्ट अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि च्समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद पाकिस्तान के राष्ट्रपति का यह कहना था कि नदी मार्गों के संयुक्त निरीक्षण की प्रक्रिया को स्वीकार करके भारत ने एक तरह से चेनाब और झेलम के ऊपरी क्षेत्र तक विस्तारित संयुक्त नियंत्रण के सिद्धांत को स्वीकार कर लिया है और संयुक्त नियंत्रण का अर्थ संयुक्त कब्जा है।

यह सद्भावना और मित्रता स्थापित करने का तरीका नहीं। यदि पाकिस्तान कुछ गलत कहता है या गलत मांग करता है, तो इसका विरोध किया जाना चाहिए। अगर इससे रिश्ते खराब होते हैं, तो हम कभी भी अच्छे संबंध नहीं बना सकते।ज् अब साढ़े छह दशक बाद सिंधु जल संधि को स्थगित करने का निर्णय एक साहसिक निर्णय है।

भारत की प्रतिक्रिया बताती है कि किसी संधि का सम्मान सद्भावनापूर्वक करने का दायित्व किसी संधि के लिए मौलिक आवश्यकता है। पाकिस्तान द्वारा आतंक जारी रखना सद्भावना का माहौल खराब करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कई मंचों पर दोहराया है कि च्खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते।ज् सिंधु जल संधि को स्थगित करने का विचार पहले भी कई बार किया गया, जैसे कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद, लेकिन फैसला नहीं किया जा सका। मोदी सरकार ने भारत के राष्ट्रीय हितों को केंद्र में रखते हुए यह कठोर निर्णय लेने का साहसी काम किया। भारत अब अपनी बदली हुई जनसांख्यिकी, कृषि और सिंचाई आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक नया दृष्टिकोण विकसित कर सकता है और अपने ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा के विकास में और तेजी ला सकता है।

# दशानन का विनाश शिलाद पुत्र नंदी बैल का श्राप



**विजय मिश्रा "अमित"**

बाजार से पोला पर्व की पूजन सामग्री खरीदकर अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। गांधी चौक के पास पहुंचा था कि एकाएक तेज बारिश होने लगी। भीगने से बचने के लिए मोटरसाइकिल को रोका और सामान रखे झोला को लेकर वहीं बने बस यात्री प्रतीक्षालय में जा बैठा। तभी मेरी नजर पीछे बैठे एक हट्टे कट्टे सांड पर पड़ी। उसे देखकर मैं थोड़ा डरा सहमा दूर खिसका।

मुझे दूर खिसकते देखकर वह सांड बोला-डरो मत विजय बाबू। कुछ नहीं करूंगा। आओ मेरे पास ही बैठो। सांड का स्नेह भरा मनुहार पाकर मैं उसके करीब बैठ गया। तभी मैंने देखा कि उसके आंख से धर धर आंसू बह रहे हैं। मुझे बड़ी दया आ गई। मैंने उससे पूछा-क्या बात है नंदी महाराज? आप क्यों रो रहे हैं?

### भाद्र पद अमावस्या को नंदी बैल की पूजा

मेरा यह प्रश्न सुनकर नंदी महाराज आंखों से बहते आंसू को अपनी जीभ से चाटते हुए बोले-विजय बाबू जानते तो होगे, हिंदू पंचांग के अनुसार प्रतिवर्ष भाद्रपद अमावस्या तिथि पर देश के विभिन्न प्रांतों में पोला पर्व मनाया जाता है। इस पर्व पर भगवान भोलेनाथ की सवारी अर्थात हम जैसे नंदी बैलों की पूजा की जाती है, किंतु आज सुबह-सुबह एक अधर्मी निर्दयी व्यक्ति ने मुझे बेरहमी से न केवल डंडे से मारा बल्कि मेरे ऊपर गरमा-गरम पानी भी डाल दिया।देखो न, मेरी पीठ पर फफोले पड़ गए हैं। बड़ी जलन हो रही है।

अरे..रे..रे..रे कहते कहते हुए मैंने देखा नंदी बैल के पीठ की चमड़ी की पपड़ी बन गई है। भाग्यवश उस वक्त मैं जले कटे घाव पर लगाने वाले मलहम बाजार से खरीद कर ले जा रहा था। उसे तत्काल झोला से निकलकर नंदी बैल की पीठ पर मलते हुए बताया-मैं भी पोला पूजा की सामग्री फल फूल खरीद कर घर लौट रहा था। तभी तेज बारिश की वजह से मुझे



## आज महापर्व पोला पर विशेष

रूकना पड़ गया। मैंने झोला से दो केला उन्हें खिलाते हुए आगे कहा-नंदी बाबा पानी के बंद होते तक अपनी जिंदगी की कुछ बातें बताईए न।

मेरी बात को आगे बढ़ाते हुए नंदी बैल ने बताया-वेद पुराणों में उल्लेख मिलता है कि समुद्र मंथन के समय निकले विश्व को भोलेनाथ ने जगहितैषी बनकर गटक लिया था। इस समय एक बूंद विश्व जमीन पर गिरा था जिसे हमारे पुरखा नंदी बैल ने जगतहित की कामना से चाट लिया। इसे देखकर भगवान भोलेनाथ प्रसन्न हो गए थे नंदी बैल को अपनी सवारी बना कर रख लिए। तब से शिवालय में सबसे पहले नंदी को विराजने का हक भी मिला है।

### शिवालय के द्वार पाल नंदी बैल

अच्छा अच्छा नंदी बाबा मैंने देखा है शिवालय में आने वाले हर शिव भक्त पहले शिवलिंग के सामने बैठे नंदी बैल की पूजा अर्चना करते हैं। फिर शिव भगत नंदी के कान में अपनी मनोकामना को सुनाते हैं। नंदी महाराज, इसके पीछे क्या राज है?

मेरे इस सवाल पर नंदी बैल के चेहरे पर मुस्कान आ गई। वे बोले-विजय बाबू, हमारे नाम ''नंदी'' का अर्थ ही होता खुशियां देने वाला। हमें भोलेनाथ के भरोसे का साथी और शिवालय का द्वारपाल भी कहा जाता है इसीलिए शिव भक्तों को विश्वास है कि नंदी की कान में कही हुई बातें नंदी सीधे शिवजी को बताते हैं, जिससे शिव भक्तों की मनोकामना शीघ्र ही पूरी होती है। भोलेनाथ के भक्तों का यह भी मानना है कि मानव समाज के सुख के प्रबल आधार नंदी बैल हैं। आपकी बात शत प्रतिशत सच है नंदी बाबा। संसार के समस्त जीव जंतुओं के लिए अनाजों का के उत्पादन हेतु समस्त कृषि कार्य बैलों के बिना पूर्ण हो ही नहीं सकते। इन अर्थों में बैल समुदाय ही जीवों के पालनहार होते हैं। आज के जमाने में भले ही कृषि कार्यों के लिए ट्रैक्टर- हार्वेस्टर आ गए हैं, किंतु बैलों के बिना तो ......

### कृषि कार्य नहीं गोवंश वृद्धि हेतु नंदी बैल

रूको रूको। थोड़ी सांस ले लो बाबू कहते हुए नंदी बबा ने मुझे बोलने से रोक दिया। फिर वे बोले-विजय बाबू, ध्यानपूर्वक मेरी बातों को सुनों। नंदी बैल जिसे आम बोलचाल की भाषा में गोल्लर कहते हैं। वह कृषि कार्यों के लिए अनुपयोगी होता है। एक पुरानी परम्परा चली आ रही है।गाय जब बछड़े को जन्म देती है तो अनेक शिवा भक्त भोलेनाथ के नाम पर बछड़े की कमर पर त्रिशूल का ठप्पा लगाकर छोड़ देते हैं। वही बछड़ा बड़ा होकर के गोल्लर, सांड, नांदिया बैल का स्वरूप लेता है, जो कि केवल गोवंश वृद्धि (प्रजनन कार्य) के लिए होता है। जब गाय के जन्मे बछड़े का वैज्ञानिक पद्धति से पशु चिकित्सकों द्वारा बधियाकरण कर दिया जाता है तो वह बछड़ा बड़ा होकर निखालिश बैल बन जाता है। वही बैल खेती किसानी के कार्यों में उपयोगी होता है, ऐसे दोनों किस्म के बैलों की पूजा पोला पर्व पर की जाती है। गांव-शहर हाट-बाजार में गोल्लर (नंदी बैल) छुटटा घुमते रहता है। भोला का बैला मानते हुए उसे कोई मारता पीटता नहीं।

### नंदी से मजाक बना रावण का विनाश

इतना कहने के बाद नंदी बाबा थोड़ा रुक और अपनी पीठ पर बैठे मक्खियों को अपनी पूंछ से हकालने के बाद बोले-ऋषि शिलाद हमारे पुरखों के जन्मदाता हैं। इसीलिए नंदी बैलों को शिलाद पुत्र भी कहा जाता है। उन्होंने भोलेनाथ की तपस्या करके बरदान में नंदी बैल को संतान स्वरूप पाया था। एक और मजेदार बात बता रहा हूं। एक बार लंकापति रावन ने नंदी बैल के शारीरिक बनावट को लेकर मजाक उड़ाया था। तब नंदी बैल ने रावण को श्राप दिया था कि तुम्हारा नाश बंदरों के हाथ होगा, दुष्परिणाम स्वरूप रावण का विनाश हनुमान जी की वानर सेना से मिलकर प्रभु श्रीराम ने किया। अरे वाह बड़ी अच्छी बात बताएं नंदी बाबा। सच में हमें किसी का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए।कहते हुए मैंने देखा कि पानी गिरना बंद हो गया है। मैंने तत्काल झूले से दो भुट्टे निकाल कर नंदी बाबा को खिलाया उनका चरणस्पर्श किया और विदा लेकर घर की ओर लौट चला।तब मेरी जुबां पर आया यह भजन-मेरा भोला है भंडारी। करे नंदी की सवारी। शंभूनाथ रे।

अग्रोहा कालोनी रायपुर (छ.ग.)
मो 9893123310

## विचार सरिता

# मीडिया समुद्र से: लक्ष्य अच्छा रखें और आगे बढ़ें, जो मिलेगा; वह कम नहीं होगा

मीडिया समुद्र से: लक्ष्य अच्छा रखें और आगे बढ़ें, जो मिलेगा; वह कम नहीं होगा

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



पिछले दिनों एक समाचार पत्र में एक बहुत बढ़ीया सुविचार पढ़ने को मिला-'लक्ष्य' हमेशा हासिल करने के लिए नहीं होता, यह कभी-कभी सिर्फ दिशा देने का काम करता है।

जब हम कोई कार्य प्रारंभ करते हैं तो हमारे सामने एक भावी परिणाम होता है। यह उस कार्य को पूरा करने का होता है। बिना इस परिणाम पर विचार किए कोई कार्य करें तो यह निरुद्देश्य बनकर रह जाएगा।

उदाहरण के लिए आप रसोई में चाय बनाना शुरु करते हैं। इस समय आपके मन में यह विचार होता है कि इस कार्य को पूर्ण करने के लिए मैं क्या-क्या सामग्री लूँ और फिस पात्र में चाय बनाना प्रारंभ करूँ? फिर आप केतली में पानी गर्म करना प्रारंभ करते हैं। फिर उचित मात्रा में शक्कर, चायपत्ती और स्वाद के लिए अन्य पदार्थों का उपयोग करते हैं। थोड़ी ही देर में आपकी चाय बनकर तैयार हो जाती है।

प्रत्येक कार्य की शुरुआत में ही उसका परिणाम हमारी कल्पना में पहले दिखाई देता है और जब हम अपने कार्यों की श्रृंखला से कार्य का समापन करते हैं, हमारा वह विचार कार्य के परिणाम रूप साकार हो जाता है।

यह तो वह कार्य हुआ, जिसकी सफलता सुनिश्चित होती है। कई बार ऐसा होता है कि सफलता हमारे संसाधनों और कौशल के साथ-साथ बाह्य कारकों पर भी निर्भर करती है। अनेक परिस्थितियाँ हमारे हाथ में नहीं होतीं। जो विचार हमारे पुरुषार्थ के साथ-साथ बाह्य कारकों पर भी निर्भर होते हैं, वे दीर्घकालीन लक्ष्य बनते जाते हैं। यहाँ हमे इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि लक्ष्य पूरा नहीं होने पर हमारे सामने कौन सी स्थिति उत्पन्न होगी। अगर लक्ष्य अच्छा हो तो वह भले ही पूरा न हो पाए या हमें वांछित सफलता न दिला पाए, फिर भी वह अनेक उपलब्धियाँ दे जाता है। हम सद्मार्ग पर बढ़ते है। कठिन परिस्थितियों का सामना करना सीखते हैं और लक्ष्य से चूक जाने पर भी कुछ न कुछ प्राप्त कर उसे आगे सफलता में बदल देते हैं।

## कविता

### बधाई बारंबार



मंदरस जैसे बोली,
गुरतुर जेकर जुवाब।
चाहे कोन्हो पद में राहत
बने रहिथे सुघ्घर रुआब।
सबके मीत-मितौना,
यारों के हे यार।
जन्म दिन के
मधुसूदन यादव ल,
बधाई बारंबार।।
पार्षद पद ले, सांसदी तक
छुईस नवां उंचाई,
दू-दू खेवन महापौर बनिस हे,
हमर मधुसूदन भाई
सबके चहेता, लोक प्रिय नेता
गरीब-गुरबा के मददगार।।
जनम दिन के बधाई बारंबार।
गुस्सा थोकिन दिखे नहीं,
चेहरा में रहिथे मुस्कान,
सुदर्शन व्यक्तित्व,
करुणाई, अस्तित्व
पाथे हर तीर
मान-सम्मान।
जन-जन बर मिलथे जेला
अड़बड़ प्यार-दुलार।।
जनम दिन के बधाई बारंबार।।
आज 23 अगस्त, गगन-धरा हवे मस्त,
मधु भैया के मया के,
सब झन हवय अभ्यस्त ।
मनाही लोगन जघा-जघा,
जनम दिन तिहार,
झूमही, रुख-राई, अउ गाही खेती-खार।
बुजरुक मन दीही आशीष,
बरसही, मया के फुहार।।
जनम दिन के बधाई बारंबार।
केंद्र ल ले, राज्य स्तर तक
नांदगांव के परचम लहराइस
प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष बनिस
अउ, फेर से महापौर पद पाइस।
जय माधव, जय यादव गूंजिस,
सरी दिन बर रहिगे यादगार।।
जनम दिन के बधाई अउ
शुभकामना बारंबार।।



**पवन यादव 'पहुना'**
**ग्राम-सुन्दरा (राज.)**

## सामयिक चर्चा

### लोकतंत्र कुर्सी का!

खबर पढ़कर बानी बोले - ''गजाधर !
साय सरकार में एक दिन पहले
मंत्री बने खुशवन्त साहेब का
वीडियो वायरल -
''पावर कुर्सी में नहीं,
बैठने वाले में होना चाहिए।''
गजाधर उनके इस कथन पर
कांग्रेस का तंज
''यह नये मंत्री का, पुराने मंत्रियों को,
प्यार भरा संदेश।''
इस पर मालूम गजाधर!
खुशवन्त साहेब बोले-
''विडियो पॉच साल पुराना।''
गजाधर! उनके इस कथन पर,
आप हमें अपना कथन सुनाना ?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-बानी ?
मुझे तो इस लोकतंत्र में
यही समझ आता है,
कुर्सी पर बैठते ही
नेता 'पावरफुल' हो जाता है।
इसीलिए तो बानी भैया!
हम लोग कहते हैं -
''वे कुर्सी पर हैं,
आओ! उनको प्रणाम करें।
वे कुर्सी पर नहीं हैं,
आओ! उनको बदनाम करें।
वे कुर्सी पर कल होगें
आओ! उनके हम काम करें।
तो किस्सा कोतः ये कि
लोकतंत्र 'कुर्सी' से चलता है
इसीलिए तो नेता कुर्सी पाने
चुनाव लड़ता है।''



**गिरीश बख्शी**

## लघु कथा


### आत्म संतुष्टि

शिथिल हो चुके माता पिता का आवास जहां कभी बच्चों की हसीं गुंजायमान थी अब वहां वीरानी है।
एक गाय और उसका बछड़ा जिसके गले में बंधी घंटी की सुमधुर धुन सुनाई देती वही घर की वीरानी खत्म करती।
दो बेटी और एक बेटे को जन्म देने वाली
मां आज संतान सप्तमी का व्रत रखी, जो निर्जला उपवास केवल आटे की मोटी रोटी गुड़ के साथ भगवान जी को भोग लगा कर किए जाने की प्रथा का पालन
करते पूजा अर्चना में लिप्त रही।
बचपन से जवानी तक बच्चो की खुशियों में अपनी आवश्यकताओं की तिलांजली देना माता पिता आदत ही बन गई थी। दोनो पुत्रियां ब्याह कर अपनी वैवाहिक जीवन में व्यस्त हो गई। पुत्र अपने जीवन किया अवश्यता की पूर्ति के लिए अपने कार्य स्थल में निवास रात।
लम्बी सिंदूर माथे में बड़ी बिंदी
गोल चेहरा, खुशी सन्तुष्टि झलकाती आँखे, पैरों में आलता रची हुई, हाथो में कांच की चूड़ीयों के बीच पुरानी मजबूत सोने के कंगन जिसकी चमक पति के स्नेह को प्रदर्शित कर रही। आत्मसंतुष्टि से तृप्त किसी के सांत्वना की मोहताज नही। अपने हाथों से घर की सफाई करने में सुखद अनुभव करना उनकी दिनचर्या ही थी।
यह उपवास अपने सन्तान के चिरायु होने की कामना के साथ रखा गया।
अपने हाथो से पति के प्रति स्नेह
प्रदर्शित करते उनका पसन्दीदा
पकवान अनरसा परोसते
हुये, बच्चो की यादों में खो गई।



**गजेंद्र बख्शी**
**रिद्धि सिद्धि कालोनी फेस-3,राजनांदगांव**

## राशिफल




**मेष**

मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र के सकारात्मक माहौल में काम करने को मिलेगा और कलीग्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आज आप नया काम शुरू करेंगे, जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आप दूसरों की मदद करने की हर संभव कोशिश करेंगे।



**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज आपके पारिवारिक जीवन में खुशियां देखने को मिलेंगी और बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। इस राशि के छात्रों को आज किसी प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका मिलेगा , जिसमें वे बहुत अच्छा परफॉर्म करेंगे। आज आप पार्टनरशिप में किसी बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहेगा। आज आपको नौकरी में उत्तम परिणाम देखने को मिलेंगे। आज आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। आज आप कार्यस्थल पर विरोधियों से बचकर रहें, वे आपका काम बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं। आज आप अपने काम पर फोकस करेंगे और आपकी एकाग्रता ही आपको सफलता दिलाएगी।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए आनंद से भरा रहेगा। आज आपको खुशखबरी मिलेगी, नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा खत्म होगी। आज नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा और आप पूरी सावधानी से काम करेंगे। आज आप घर परिवार की समस्याओं को सुलझाने में कामयाब रहेंगे। आज आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनी रहेगी।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपको अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने की संभावना है। आज आपको संतान की ओर से सुखद समाचार प्राप्त होगा। आज आपकी नौकरी में सफलता के योग हैं और आपकी सैलरी भी बढ़ सकती है। आज जमीन जायदाद के मामलों में कुछ समस्या आएगी, लेकिन कोर्ट कचहरी में आपको सफलता मिलेगी।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा, ऑफिस के सभी लोग आपकी तारीफ करेंगे। इस राशी के कला और अभिनय से जुड़े व्यक्तियों को आज किसी बड़ी हस्ती से मिलने का मौका मिलेगा। आज पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा, संतान को लेकर उलझने दूर होंगी।



**तुला**

आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप किसी बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं, भविष्य में जिसमें आपको अच्छा लाभ होगा। आज आपके पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी और कार्य क्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। किसी एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्द ही सफलता प्राप्त होगी।




**वृश्चिक**

ाज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आज आप किसी संस्था के साथ जुड़कर जरुरतमंदों की मदद करेंगें। आज आप जो भी निर्णय करें, पहले थोड़ा सोच ङ्क समझ लें। आज आप व्यापार में विकास के लिए किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे और आपकी योजनाएं सफल होंगी।




**धनु**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। आज आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी और परिवार के साथ आप खूबसूरत जगहों पर घूमने जा सकते हैं। आज जीवन साथी के साथ आपकी बॉन्डिंग अच्छी रहेगी।




**मकर**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपकी कुछ नये लोगों से मुलाकात होगी। आज आपके निजी प्रयासों से उत्तम सफलता मिलेगी। आज आप अपने काम के कारण काफी व्यस्त रहेंगे और परिवार को समय कम दे पाएंगे। आज आप अपने काम और परिवार के बीच बैलेंस बना कर चलेंगे, जिससे घर में सभी आपसे खुश रहेंगे।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे और इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आज आपकी सैलरी में वृद्धि होगी, आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ घर की जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहने वाला है। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा लेकिन खर्च की भी अधिकता रह सकती है।आज आपको किसी मल्टीनेशनल कम्पनी से जॉब के लिए ऑफर आएगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज संतान को किसी बड़े संस्थान में एडमिशन मिलने की खबर मिलेगी।

# 166 महतारी सदन की मिली स्वीकृति, 25 सौ वर्गफुट में बनेगा महतारी सदन

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयास से 166 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है, इसके लिए 49 करोड़ 80 लाख रूपए की स्वीकृति जारी की गई है। राजनांदगांव जिले में 30-30 लाख रूपए कुल 2 करोड़ 10 लाख रूपए की लागत से ग्रामीण क्षेत्रों में 7 महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। जिसमें राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुरगी, डीलापहरी, टेड़ेसरा एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम कुमरदा तथा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अर्जुनी, मोहड़, मोहारा में महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा।



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि लगातार ग्राम भ्रमण के दौरान महिलाओं द्वारा बैठने की स्थान न होने की शिकायत की और बैठने हेतु स्थान दिलाने की मांग की जाती रही इसलिए महतारी सदन बनाने का विचार आया। ततपश्चात महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बनाने जा रही है। अब तक 368 महतारी सदन की स्वीकृति इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिए जारी किया गया है। कार्यों में एकरूपता के दृष्टिकोण से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य का एक मानक डिजाईन एवं प्राक्कलन तैयार किया गया है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि 30 लाख रूपए होगी।

### 5 वर्षों में सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाने की योजना- डिप्टी सीएम विजय शर्मा

प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाया जाएगा। महतारी सदन बनाने की शुरूआत हो गयी है। पहले चरण में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में महतारी सदन बनना प्रारंभ किया जा रहा है एवं 5 साल में सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनेंगे। प्रदेश में बनने वाले महतारी सदन का निर्माण लगभग 25 सौ वर्गफुट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमे बॉउंड्रीवाल भी बनाये जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा।

# सड़क पर बैठे मवेशियों के मालिकों पर डोंगरगांव पुलिस की कार्यवाही



- अभियान में पशु चिकित्सा विभाग, स्थानीय गौ रक्षा समिति और गौ सेवक शामिल रहे
- सड़क पर बैठे मवेशियों के मालिकों की पहचान कर कार्यवाही की गई
- टेक नंबर का विश्लेषण कर दोषी पाए गए दो मवेशी मालिकों के खिलाफ अपराध दर्ज

डोंगरगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन पर दिनांक 22 अगस्त को पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दिलीप सिसोदिया एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में पशु चिकित्सा विभाग, स्थानीय गौ रक्षा समिति एवं गौ सेवकों को साथ लेकर रोड पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सड़क पर बैठे मवेशियों के मालिकों का टेक नंबर एनालिसिस कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की गई। मवेशियों के संबंध में अपेक्षा पूर्ण आचरण कृत करते पाए जाने से जनसुरक्षा को खतरे में डालने का दोषी पाए जाने पर निम्न मवेशी मालिकों के विरुद्ध अपराध कायम किया गया 1. डिगेश्वर यादव, 2. उमेश कुमार यदु दोनों निवासी डोंगरगांव के विरूद्ध धारा 291 बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही नागरिकों की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है।

### राजनांदगांव पुलिस की अपील

सभी मवेशी मालिकों एवं घुमंतू पशु पालकों से अपील की जाती है कि अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखें। ऐसा करने से न केवल मवेशियों की सुरक्षा होगी बल्कि आम नागरिकों की जान-माल की रक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी।

# नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की लगातार आ रही शिकायतों के बाद चौक चौराहों में यातायात चेकिंग



**यातायात पुलिस व थाना खैरागढ़ ने विशेष अभियान चलाकर किया वाहन चेकिंग**

खैरागढ़ (दावा)। स्कूली नाबालिग छात्र-छात्राओं के द्वारा वाहन चलाने की लगातार शिकायत मिलने पर शहर के चौक-चौराहों पर चालानी कार्रवाई की गई। केसीजी जिला पुलिस टीम के द्वारा यातायात पुलिस व थाना खैरागढ़ के माध्यम से लगातार स्कूलों के नाबालिक छात्र-छात्राओं के द्वारा वाहन चलाने की शिकायत मिलने पर 22 अगस्त को शहर के चौक चौराहा टेम्पो चौक, अम्बेडकर चौक, दुर्गा चौक, पिपरिया मे स्कूल समय पर सघन वाहन चेकिंग पॉइंट लगाकर नाबालिक द्वारा मोटर सायकल चलाने वालो के विरुद्ध समस्त वाहनों को सुरक्षार्थ रख नाबालिक चालकों के परिजनों को सूचित कर आवश्यक समझाइस देते नाबालिक को वाहन चलाने न देने व 18 वर्ष पूर्ण करने पर वैध कागजात के ही वाहन चलाने देने बताया गया तथा दुर्घटनाओं से बचाव हेतु,लगातार जागरूक करने प्रयासरत है। यातायात के नियमों का अनदेखी करने वालो के विरुद्ध ड्राइवरींग लाइंसेंस निलंबित करने की कार्यवाही हेतु परिवहन विभाग को भेजा जा रहा। यातायात के निर्धारित मापदंड के विरुद्ध वाहन चलाने वाले वाहन चालकों का नियत धाराओं में कार्यवाही कर लाइसेंस निलंबन की अधिक कार्यवाही हेतु संबंधित परिवहन विभाग को भेजा जा रहा है। यातायात विभाग खैरागढ़ के द्वारा लाइसेंस निलंबन हेतु प्रकरण तैयार कर भेजने की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तरह दुर्घटनाओं में घायलों को गोल्ड़न आवर में घायलों की मदद, वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने मालवाहक में यात्री परिवहन न करने, समस्त वाहनों में 01.04.2019 के पूर्व के वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगाने समझाइस देकर जागरूक किया जा रहा है, यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# 11 माह से फरार एनडीपीएस का आरोपी राहुल देवांगन गिरफ्तार



डोंगरगढ़(दावा)। गत 17 सितंबर 2024 को आरोपी चन्द्रभान गौतम उर्फ चिन्टु से ऐल्प्रैज़ोल टैबलेट (10.0 टैबलेट्स की स्ट्रिप) का 150 नग टेबलेट जब्त किया गया था। आरोपी द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपी को नशीली टेबलेट उपलब्ध कराया था। घटना दिनांक के बाद से लगातार आरोपी फरार था। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध थाना बसंतपुर एवं डोंगरगांव में आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज है।

पुलिस द्वारा बताया गया कि,थाना डोंगरगढ़ के अप0क्र0- 496/2024 धारा- 21(बी) एनडीपीएस के मामला में दिनांक- 17.09.2024 को आरोपी चन्द्रभान गौतम उर्फ चिन्टु पिता गोपाल सिंग गौतम उम्र- 25 साल निवासी रजानगर डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़ को रजानगर डोंगरगढ़ मजार के पास नशीली टेबलेट का 150 नग टेबलेट, बिक्री रकम 1000 रू. एवं एक नग मोबाईल रेडमी कंपनी के साथ पकड़कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 21(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिर0 कर जेल भेजा गया है।

### लंबे समय से फरार चल रहा था आरोपी

प्रकरण में विवेचना दौरान गिरफ्तार आरोपी चन्द्रभान गौतम उर्फ चिन्टु द्वारा मोहरा राजनांदगांव निवासी राहुल देवांगन से नशीली टेबलेट खरीदना बताया था। जिस पर नशील टेबलेट उपलब्ध कराने वाले आरोपी राहुल देवांगन का घटना दिनांक से लगातार पता तलाश किया जा रहा था। जिसके अपने घर मोहारा आने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस आरोपी के सकुनत में पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर आरोपी को पकड़े आरोपी से नशील टेबलेट के संबंध में पूछताछ करने पर अगस्त/सितम्बर/ 2024 में अपने दोस्तों के साथ बिहार घुमने जाना उसी दौरान ट्रेन में एक अज्ञात लड़का से 30 स्ट्रिप नशीली टेबलेट खरीदना बताये। खरीदे 30 स्ट्रिप नशीली टेबलेट में से 15 स्ट्रीप नशीली टेबलेट को चन्द्रभान गौतम उर्फ चिन्टु को बेचना बताये शेष 15 स्ट्रिप टेबलेट को स्वयं घुम-घुमकर स्वयं बेचना बताये। आरोपी के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से आज गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में ज्युडिशियल रिमाण्ड पर पेश किया गया है।

# तकलीफ आने पर 'नवकार मंत्र' का जाप करो - मुनि वीरभद्र



राजनांदगांव (दावा)। विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने आज यहां कहा कि हमारे जीवन में जो तकलीफ है, वह पूर्व जन्म में हमने धर्म नहीं किया, इसकी वजह से है। उन्होंने कहा कि तकलीफ आने पर नवकार मंत्र का जाप करो तो तकलीफ को आसानी से पार कर जाओगे। जैन बगीचे के नए हाल में आज मनी वीरभद्र ने कल्पसूत्र का वाचन किया। उन्होंने कहा कि कल्पसूत्र में साधुओं के आचार के बारे में बताया गया है। इसमें बताया गया कि साधुओं को अल्प मूल्य का श्वेत वस्त्र धारण करना चाहिए। जिस साधु को दृश्य कर (ध्यान में रखकर) भोजन बनाया गया है, उसे उसे साधु द्वारा ग्रहण नहीं करना चाहिए। बिना किसी ध्यान के सामान्य तरीके से कोई भोजन बना हो तो उसे ग्रहण करना चाहिए। जहां ठहरे हैं वहां की 12 तरह की चीजों का उपयोग नहीं करना चाहिए। जहां साधु ठहरा है वहां उसके द्वारा किए गए तब का छठवां हिस्सा उस व्यक्ति को भी मिलता है।

मुनि वीरभद्र (विराग) ने आगे कहा कि कल्पसूत्र में वंदन, महाव्रत के बारे में भी बताया गया है। उन्होंने कहा कि प्रथम और अंतिम क्रम के साधुओं को पांच प्रतिक्रमण अवश्य करना चाहिए। बीच के साधुओं के लिए दो प्रतिक्रमण आवश्यक है। प्रथम एवं अंतिम क्रम के साधु किसी गांव में 1 माह रुके और उन्हें यदि किसी कारणवश और रुकना हो तो वे स्थान बदल दे। बीच के साधु 1 वर्ष तक रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस जीवन में जड़ता आ गई है, इसे दूर करें। मुनि श्री वीरभद्र (विराग) ने कहा कि सुपात्र दान का ज्यादा लाभ संयुक्त परिवार को मिलता है। पर्यूषण पर्व सर्वोत्तम है। कल्पसूत्र जिसने सुना उसे इसका लाभ अवश्य मिलता है। कल्पसूत्र सुनने के बाद उसे आचरण में लाना चाहिए। धर्म का प्रभाव जीवन में अनुकूलता लाता है। हर समय मीठे बोल बोलना चाहिए। कटु शब्द जीवन में कड़वाहट लाते हैं, इसलिए मधुर शब्दों का उपयोग कर आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ने का प्रयास करें। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

## साल्हेवारा में शान से लहराया तिरंगा...



**साल्हेवारा (दावा)। स्वतंत्रता दिवस पर ग्राम साल्हेवारा में पशु चिकित्सा कार्यालय में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार जैन ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर ईश्वर दास मानिकपुरी, धनेश पटेल, शिवकुमार साहू, रामकुमार ठाकरे, धन सिंह धुर्वे, प्रेम सिंह, विजय, नरेश आदि उपस्थित थे।**

# क्षेत्र में अवैध शराब पर सख्त कार्रवाई की सराहना, पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी शंकर गिरी गोस्वामी एवं उसके स्टाफ को किया सम्मानित



राजनांदगांव(दावा)। स्वतंत्रता दिवस पर ग्राम धामनसरा के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने सुरगी पुलिस चौकी प्रभारी निरीक्षक शंकर गिरी गोस्वामी एवं उनके स्टॉफ का सम्मान किया। धामनसरा स्कूल प्रांगण में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मान स्वरूप चौकी प्रभारी एवं स्टॉफ को मोमेन्टो और श्रीफल भेंटकर आभार व्यक्त किया गया। यह सम्मान चौकी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध की गई, निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रदान किया गया।

विशेष रूप से ढाबा मलपुरी एवं राजाराम फैक्ट्री के पास अवैध शराब पर सख्त कार्रवाई की सराहना की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, छात्र-छात्राएं और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सुरगी पुलिस चौकी प्रभारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अवैध गतिविधियों के विरूद्ध पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

मिली जानकारी के अनुसार एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन पर एएसपी राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब बिक्री व परिवहन एवं तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे, अभियान के तहत पुलिस चौकी सुरगी क्षेत्र के आदर्श ढाबा मलपुरी एवं राजाराम फैक्ट्री के पास अवैध शराब कारोबारियों पर पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी द्वारा सख्त कार्रवाई की गई थी। जिसके फलस्वरूप ग्राम धामनसरा के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों द्वारा 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चौकी प्रभारी सुरगी निरीक्षक शंकर गिरी गोस्वामी तथा उनके स्टाफ को मोमेंटो और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

# छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव 2025 के अंतर्गत साइबर जागरुकता कार्यक्रम एवं खेल सप्ताह



डोंगरगढ़ (दावा)। महिला एवं बाल विकास विभाग महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा 21.08.2025 को भारत सरकार की कार्ययोजना अंतर्गत 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'के तहत् बालिका एवं महिलाओं को सुरक्षित, सक्षम और सशक्त बनाने एवं सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण, सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा दिये जाने हेतु परियोजना डोंगरगढ़ के , शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम पंचायत अण्डी में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला सुरक्षा, पोषण आहार के थीम में रंगोली, चित्रकला एवं निबंध बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें विजित 03-03 छात्राओं को पुरस्कार दिया गया ।

कार्यक्रम में साइबर बुलिंग, आईटी एक्ट, भारतीय न्याय संहिता 2023, साइबर ग्रुमिंग, सोशल मीडिया में होने वाले समस्या, यौन शोषण, लैंगिक उत्पीड़न, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, फर्जी डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, शेयर मार्केट, ट्रेडिंग, फर्जी वीडियो कॉल, फर्जी आई डी से फ्रेंडशिप फेसबुक या इंस्टा, साइबर स्टाकिंग, APK एप्प, वर्क फॉर्म होम, ऑनलाइन जॉब, सोशल मीडिया में प्राइवेट रखना चाहिए, ऑन लाइन ठगी, साइबर क्राइम का नेशनल हेल्प लाइन नंबर 1930 के विषय में जानकारी दी गई । कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जिलापंचायत सदस्य प्रशांत कोड़पे एवं अनिता मांडवी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडी के प्राचार्य गौरदास साहू, सुपरवाइजर सुमी देवांगन एवं स्वाति बोरकर, बोरतलाव थाना प्रभारी आशीष श्रीवाश और जेंडर विशेषज्ञ नीलम साहू, विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे, कार्यक्रम में लगभग 125 छात्राएं उपस्थित रहे।




- राजनांदगांव के लोकप्रिय नेता -
मधु चाचा जी
को जन्मदिन की
23th AUGUST
हार्दिक शुभकामनाए...
इशांत वर्मा
सार्थक जैन
राजा सिन्हा
भावेश मेश्राम
प्रियांशु यदु
निखिल सिन्हा
किसन यादव
चमन सिन्हा
शिवेन्द्र एड़े
सुब्रत साहू
नवीन वर्मा
HARSH FLEX_RJN
विनीत - मधु फैन्स क्लब, राजनांदगांव (छ.ग.)


- राजनांदगांव के लोकप्रिय जन नेता -
महापौर नगर पालिक निगम, राजनांदगांव
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की
23th AUGUST
हार्दिक शुभकामनाए...
नीलकंठ गढ़े
जिलाध्यक्ष
राजेश्वर ध्रुव
महामंत्री
खिलावन नेताम
महामंत्री
HARSH FLEX_RJN
विनीत - जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा, भाजपा, राजनांदगांव (छ.ग.)


जननायक एवं हमारे मार्गदर्शक आदरणीय
श्री मधुसुदन यादव जी
23 AUG
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...

# खुले गड्ढों से मंडरा रहा खतरा कन्हारपुरी जैसी त्रासदी दोहरा सकता है चिखली

**राजनांदगांव (दावा)। शहर में नल कनेक्शन और अन्य विकास कार्यों के नाम पर खोदे गए गड्ढे अब लोगों की जान के दुश्मन बनते जा रहे हैं। कन्हारपुरी में खुले गड्ढे की वजह से एक युवक की दर्दनाक मौत के बाद अब चिखली में भी उसी तरह की त्रासदी दोहराए जाने का खतरा मंडरा रहा है। चिखली से ढाबा रोड किनारे कई जगह नल कनेक्शन के लिए गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं जहां दुर्घटना की आशंका लगातार बढ़ रही है।**



निगम की लापरवाही पर कांग्रेस नेता का हमला चेयरमैन के घर से महज 100 मीटर दूर ही हादसे को दावत देते गड्ढे

कांग्रेस के युवा नेता देवेश वैष्णव ने इस गंभीर मुद्दे पर निगम प्रशासन की निष्क्रियता को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार यदि समय रहते सक्रिय नहीं हुए तो चिखली में भी जानलेवा हादसा होना तय है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि निगम प्रशासन कन्हारपुरी की घटना से कोई सबक नहीं ले रहा है।

### चेयरमैन के घर के पास ही गड्ढा लोगों में आक्रोश

वार्ड क्रमांक 6 शासकीय मुद्रणालय वार्ड चिखली में सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे नगर निगम चेयरमैन सुनील साहू के घर से महज 100 मीटर की दूरी पर हैं बावजूद इसके अब तक इन्हें भरने या सुरक्षित करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया। यही कारण है कि वार्डवासियों में भारी नाराजगी है और लोग पार्षद एवं निगम प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठा रहे हैं।

### गड्ढों का सर्वे कर तुरंत कार्रवाई करें निगम

देवेश वैष्णव ने कहा कि शहर भर में ऐसे गड्ढों का तत्काल सर्वे कर ठेकेदारों पर जिम्मेदारी तय की जाए और उन्हें नोटिस थमाया जाए। उन्होंने मांग की कि निगम को यह सुनिश्चित करना होगा कि काम पूरा होने के बाद गड्ढों को भरकर सुरक्षित किया जाए, अन्यथा हर गली-मोहल्ले में हादसे की आशंका बनी रहेगी।

### जनता में गुस्सा बच्चों और बुजुर्गों पर सबसे ज्यादा खतरा

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे छोड़े गए गहरे गड्ढे बच्चों और बुजुर्गों के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। बरसात के मौसम में इनमें पानी भर जाने से खतरा और भी बढ़ जाता है। कई बार लोग मामूली रूप से फिसलकर घायल हो चुके हैं मगर निगम अब भी आंखें मूंदे बैठा है।

कन्हारपुरी से सबक ले तभी टलेंगे हादसे

कन्हारपुरी में गड्ढे के कारण हुई मौत ने पूरे शहर को हिलाकर रख दिया था। इसके बावजूद निगम और जिम्मेदार ठेकेदारों की कार्यशैली में सुधार नहीं दिख रहा। अगर हालात ऐसे ही रहे तो चिखली की घटना सिर्फ एक शुरुआत होगी और शहर के अन्य हिस्सों में भी जानलेवा घटनाएं सामने आ सकती हैं।

# सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी प्रतियोगिता में संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल ने जीता कांस्य पदक



राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल, राजनांदगांव की कबड्डी टीम ने दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) स्थित गुरु तेग बहादुर स्कूल में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरव का क्षण है और साथ ही सभी युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा भी।

पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने टीम भावना, अनुशासन और जुझारूपन का परिचय देते हुए शानदार खेल दिखाया। टीम के मुख्य खिलाड़ी रहे- तनय सिंह, तिलक राम, महेश कोर्राम, धीरज कुमार भुआर्य, जशवंत नेताम, मयंक कुमार मंडावी, देवेंद्र साहू, गौरव मरकाम, नमनदीप कँवर, आलेख वैष्णव एवं कीर्तन नाग। इन सभी खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल और मेहनत से विद्यालय का नाम रोशन किया।

शाला की प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल और अन्य गतिविधियों में भागीदारी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों की सराहना करते हुए उनके मार्गदर्शन को सफलता का आधार बताया।

संस्था के प्रबंधकगण अध्यक्ष ललित अग्रवाल एवं सचिव अतुल देशलहरा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी प्रकार अशोक पारख और विकास जोशी ने भी टीम की जीत पर अपनी खुशी व्यक्त की।

संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल की यह उपलब्धि दर्शाती है कि संस्था न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलों में भी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह कांस्य पदक निश्चय ही आने वाले समय में अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगा।

# भारतीय स्टेट बैंक एवं पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप साइबर जागरुकता अभियान चलाया



रामाटोला के स्कूली बच्चों को साइबर जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से किया जागरूक

डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय स्टेट बैंक एवं डोंगरगढ़ पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप साइबर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामांटोला के स्कूली बच्चों को साइबर जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से स्कूली बच्चों को सायबर फाड के संबंध में जागरूक किया गया। डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा शास0 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाटोला सायबर जगारूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया । बच्चों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते बताया ऐसे कार्यक्रमों से उन्हे भविष्य में ऑनलाईन खतरों से सुरक्षित रहने की प्रेरणा मिली।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी एस0ओ0पी0 के पालन में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा अपने थाना क्षेत्र के स्कूल/कॉलेज के छात्र/छात्राओं को साईबर फ्राड के प्रति जागरूक करने के लिये साईबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक- 20.08.2025 को ग्राम रामाटोला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों एवं आम लोगों को ऑनलाईन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के लिये जागरूक करना है।

कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक नरेश बंजारे के द्वारा ऑनलाईन बुलिंग, फिशिंग और ओ0टी0पी0 लेकर धोखाधड़ी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई है साथ ही यह भी बताये कि किसी भी प्रकार की सायबर अपराध होने पर तत्काल सायबर हेप्ल लाईन नबंर- 1930 फोन कर शिकायत दर्ज कराने बोला गया। इस कार्यक्रम में बच्चों में सायबर सुरक्षा के प्रति गहरी जागरूकता पैदा हुई। बच्चों ने अपनी प्रतिक्रिया में बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हे भविष्य में ऑनलाईन खतरों से सुरक्षित रहने की प्रेरणा मिली है।



## भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों से की सौजन्य मुलाकात, गुलदस्ता भेंटकर दी बधाई

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी छत्तीसगढ़ में भाजपा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी से कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह नवनिर्वाचित महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मारकंडे, अखिलेश सोनी एवं अन्य पदाधिकारी से सौजन्य मुलाकात की। राजनांदगांव सिन्हा समाज महिला मंच जिला अध्यक्ष श्रीमती निर्मला सिन्हा, डोंगरगांव मंडलेश्वर भागवत सिन्हा, गोकुल सिन्हा सचिव, जितेंद्र सिन्हा जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ने गुलदस्ता भेंटकर शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# विकास के नाम पर भाजपा सरकार ने केवल बिजली के दाम की बढ़ोतरी- राम साहू

**राजनांदगांव (दावा)। अघोषित बिजली कटौती को लेकर सवाल उठाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी संयुक्त महामंत्री राम साहू ने कहा है कि सरप्लस बिजली वाले छत्तीसगढ़ में भाजपा के 20 महीने के कुशासन में ही 8-8 घंटे बिजली कटौती होने लगी है।**



एक तरफ खंड वर्षा से मैदानी क्षेत्रों के पानी की कमी के चलते खेती में दरारें पड़ रही है, बिजली कटौती के कारण किसान पंप से भी सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, कई जिलों में किसान बांध से पानी छोड़ने की मांग को लेकर लगातार आंदोलित हैं, खरीफ की फसल बर्बाद होने की कगार पर है, लेकिन किसान विरोधी भाजपा सरकार अभी तक जाग नहीं रही है। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार की प्राथमिकताओं में जन सुविधा है ही नहीं। स्कूलों में तिमाही परीक्षा का समय आ गया है, बिजली कटौती से लाइट, पंखे के अभाव में अध्ययन, अध्यापन कर पाना मुश्किल हो रहा है। नेता, मंत्री अफसर ने अपने लिए तो सरकारी संसाधनों से इनवर्टर जनरेटर की व्यवस्था कर ली है। गरीब, मध्यम वर्ग और आम जनता की सुध लेने की फुर्सत इस सरकार को नहीं है। यह विभाग प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास है, फिर भी सरकार की अकर्मण्यता के चलते बिजली कटौती की नौबत आ रही है। प्रदेश में औद्योगिक उत्पादन लगातार घट रहा है, लेकिन यह सरकार सोई हुई है। विकास के नाम पर इस सरकार ने केवल बिजली के दाम की बढ़ोतरी और सब्सिडी में कटौती ही की है। बिना मांग के जबरिया स्मार्ट मीटर लगाकर अनाप शनाप बिजली के बिल भेजे जा रहे है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय बिजली पूरा और 400 यूनिट तक हाफयोजना के कारण बिजली का बिल आधा आता था, अब भाजपा की सरकार में बिजली कटौती के चलते बिजली केवल आधे समय के लिए आती है और बिजली के दाम दोगुना होकर आ रहे हैं।

## ग्राम भेड़ीकला की लखपति दीदी संगीता देवांगन ने महिला सशक्तिकरण की मिसाल कायम की



सालाना लगभग 6 लाख रूपए की हो रही आमदनी

राजनांदगांव (दावा)। ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान महिलाओं की आर्थिक उन्नयन की दिशा में सार्थक साबित हो रही है। स्वसहायता समूह की महिलाएं बिहान के माध्यम से लघु उद्यम प्रारंभ कर आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत बन रही है।

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भेड़ीकला की लखपति दीदी संगीता देवांगन ने महिला सशक्तिकरण की मिसाल कायम की है। बिहान से जुडने् के बाद उन्होंने रेडिमेड कपड़े का व्यवसाय प्रारंभ किया और उन्हें कामयाबी मिली। उन्होंने बताया कि वे लक्ष्मी स्वसहायता समूह से जुड़ी है और समूह से 50 हजार रूपए ऋण लेकर उन्होंने रेडिमेड कपड़े का दुकान प्रारंभ किया। समूह के माध्यम से माध्यमिक शाला भेड़ीकला में मध्यान्ह भोजन के संचालन का कार्य कर रही है। इसके साथ ही बैंक सखी के रूप में कार्य करती है और उनकी वार्षिक आय लगभग 6 लाख रूपए है।

# दिल्ली में गूंजी छुरिया मरकाकसा के मांदर की थाप



विश्व आदिवासी दिवस पर मांदर नृत्य दल ने दी मनमोहक प्रस्तुति

कल्लूबंजारी (दावा)। आज से लगभग दस-बारह साल पहले जब कोयतुर गोंड़ समाज प्रमुख दिनेश कुरेटी दिलेर के प्रेरणा से छुरिया विकास खंड के वनांचल क्षेत्र के कोयतुर गोंड़ आदिवासी बाहुल्य ग्राम आंको (खोभा) में लगभग विलुप्त हो चुकी कोयतुर गोंड़ समाज की मूल गोंड़ी कला संस्कृति से सुसज्जित मांदर नृत्य दल की गठन की गयी थी तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि हमारे द्वारा गठित व संचालित मांदर नृत्य दल से प्रेरित होकर आठ-दस मांदर नृत्य दल गठित हो जायेगी तथा छुरिया अंचल के मांदर की थाप की गूंज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी सुनाई देगी। इस कल्पना से परे गत दिनों जय लिंगो मांदर नृत्य दल मरकाकसा के मांदर नृत्य दल के कलाकारों ने दिल्ली में मनमोहक प्रस्तुति देकर छुरिया अंचल का नाम राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया। श्रीमांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था नईदिल्ली प्रांतीय शाखा छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष समन लाल उइके ने बताया कि राजनांदगाँव जिला के ख्यातिलब्ध कवि, उदघोषक, प्रखरवक्ता तथा आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष एवं कोयतुर गोंड़ी कला व संस्कृति के संरक्षक दिनेश कुरेटी दिलेर के प्रेरणा एवं संरक्षण में गठित व संचालित जय लिंगो मांदर नृत्य दल मरकाकसा संचालक भुनेश्वर नेताम एवं चैनलाल कोडापे के नेतृत्व में 30 सदस्यी टीम ने गत 9अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी नईदिल्ली में मनमोहक मांदर नृत्य की प्रस्तुति देकर छुरिया अंचल का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। संस्था के प्रांतीय सचिव भुनेश्वर नेताम ने आगे बताया कि गत 9 अगस्त 2025 को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर श्रीमांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था नई दिल्ली एवं अखिल भारतीय माता दंतेवाड़ी समाज समिति नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में दिल्ली के सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम अगस्त क्रांति मार्ग नईदिल्ली में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश एवं दिल्ली इत्यादि राज्यों से हजारों की संख्या में कंगला मांझी संस्था के सैनिक एवं आमजन सम्मिलित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कंगला मांझी संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजमाता श्रीमती फुलवा देवी कांगे ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.परदेशी राम वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कंगला मांझी संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंभदेव कांगे, जिला पंचायत सदस्य लांजी बालाघाट ज्योति उमरे, बेटा बचाओं अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर उमरे, भारतीय आदिम जाति सेवक संघ दिल्ली के सचिव रविकांत झा तथा सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता डी.के. प्रधान कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के विचार अभिव्यक्ति सेशन विषय अनुसार चार वक्ताओं सुश्री शशि कला सलाम तकनीकी विभाग प्रमुख, संस्था के सदस्य कु. ललिता सलाम छात्र दिल्ली विश्वविद्यालय, कु.सुष्मिता कांगे छात्र बस्तर विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ तथा ऋषभदेव कांगे व्यायाम शिक्षक आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा जिला बालोद छत्तीसगढ़ द्वारा विभिन्न आदिवासी महापुरुषों पर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम का संयोजन संस्था के कानूनी सलाहकार सुश्री राजकुमारी कांगे एवं अखिल भारतीय माता दंतेवाड़ी समाज समिति नई दिल्ली के महासचिव आर.एस.उईके द्वारा किया गया। मुख्यअतिथि के द्वारा आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण, उनकी परंपरा, संस्कृति, बोली, भाषा रीति रिवाज इत्यादि के संरक्षण तथा उनके आर्थिक व सामाजिक विकास इत्यादि विषयों पर अपने विचार रखे। आदिवासी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय माता दंतेवाड़ीन समाज समिति नई दिल्ली द्वारा बैतूल मध्यप्रदेश की होनहार आदिवासी बालिका खिलाड़ी कु. कल्याणी कोडोपे पिता गजानंद कोडोपे को साऊथ एशियन कराटे चैंपियन श्रीलंका एवं कराटे थाईलैंड ओपन चैंपियंस जूनियर कराटे चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के लिए कंगला मांझी अचीवर्स अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजनांदगांव छत्तीसगढ़ के मांदर नृत्य दल मरकाकसा-जोब (छुरिया), सोनार खाफा बैतूल के डंडार नृत्य तथा राता माटी बैतूल के गायकी नृत्य दल एवं लोकगीत प्रस्तुत किए गए अखिल भारतीय माता दंतेवाड़ीन समाज समिति के महासचिव आर. एस. उईके ने आभार व्यक्त किया।

## आर्थिक विकास में महिलाओं की भागीदारी पर दिया जोर



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान अंतर्गत प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई. व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन, आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ.आर.आर.कोचे, महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ.आशा चौधरी के नेतृत्व में 20 अगस्त, बुधवार को 'महिला विकास' विषय पर आयोजित कार्यशाला में आर्थिक विकास में महिलाओं की भागीदारी विषय पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता के स्वागत के साथ हुआ।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. नमिता गुहा राय, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (वाणिज्य), इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर, भिलाई उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि जीवन की कठिनाइयाँ हमें मजबूती प्रदान करती हैं।

राष्ट्र की वास्तविक पूंजी उसका मानव संसाधन है और महिलाओं की प्रगति से ही राष्ट्र का उत्थान संभव है। महिलाएं गृह प्रबंधन से लेकर स्वरोजगार और उद्यमिता तक सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इतिहास से लेकर वर्तमान तक महिलाओं ने कृषि, समाज सुधार, क्रांतिकाल और विश्व युद्ध तक में अपनी भागीदारी दी है। आज महिलाएं शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता में तेजी से आगे बढ़ रही हैं, बावजूद इसके लैंगिक भेदभाव, सीमित वित्तीय संसाधन और गृह कार्य का महत्व न मिलना जैसी बाधाएं अब भी विकास में अवरोध हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा 'यह हाथ चूड़ियां भी पहनते हैं और कलम भी थाम लेते हैं, आओ इन्हें पंख दो।' प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने अपने स्वागत उद्बोधन में छात्राओं को महिला विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। पीएम उषा प्रभारी डॉ. आर. आर. कोचे ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की सफलता में कार्य समिति के सदस्य डॉ. नीता राजपूत, डॉ. सपना परिहार एवं अनिमा मिंज का विशेष योगदान रहा। संचालन डॉ. सपना परिहार तथा आभार प्रदर्शन डॉ.आशा चौधरी द्वारा किया गया।

## दशगात्र कार्यक्रम में सचिव ने कराया नेवता भोजन



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला सेतवा एवं दुल्लापुर में श्रीमती मीना महिलांगे के दशगात्र कार्यक्रम के अवसर पर ग्राम पंचायत दुल्लापुर के सचिव रेखचंद महिलांगे के द्वारा संयुक्त रूप से नेवता भोजन कराया गया जिसमें विशेष रूप से खीर पूड़ी दाल फ्राई चावल भिंडी की सब्जी पापड़ एवं सलाद सभी बच्चों की थाली में परोसे गए इस अवसर पर शाला में उपस्थित संकुल समन्वयक योगेंद्र सिंह कश्यप प्रधान पाठक तोक राम सिन्हा प्रधान पाठक योगेंद्र कुमार कोसरिया शिक्षक हेमराय भारती प्रदीप कुमार चौधरी सरपंच बलराम पटेल विष्णु साहू रसोईया चंद्रिका बाई खेमिन बाई उपस्थित थे।

# कल राज्य स्तरीय शांति मशाल यात्रा, आ रहे है महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के प्रणेता डॉ. आकाश लामा



पूज्य भदंत धम्मतप के मार्गदर्शन में महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन हेतु राज्य स्तरीय शांति मशाल यात्रा

राजनांदगांव (दावा)। पूज्य भदंत धम्मतप राष्ट्रीय सलाहकार एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी ऑल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम भारत ने कहा कि संस्कारधानी में महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के तृतीय चरण के प्रेरणेता डॉ. आकाश लामा महासचिव ऑल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम, भदंत करूणाकर महाथेरो दिल्ली, भदंत चन्द्रकीर्ती अध्यक्ष महिला सशक्तिकरण संघ, चन्द्रबोधि पाटिल अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा नागपुर व भारत एवं तमाम राष्ट्रीय कार्यकारिणी तथा छत्तीसगढ़वासियों की उपस्थिति में कल 24 अगस्त, समय सुबह 10 बजे से संध्या 6 बजे तक शांति मशाल यात्रा एवं भव्य सभा का आयोजन कलेक्टर परिसर के सामने ओवरब्रिज के नीचे राजनांदगांव में किया जा रहा है।

देश की आजादी के 79 साल बाद भी भारत देश में एक विवाद छि? गई है संसद सर्वोपरी है कि संविधान इस बीच पूज्य भदंत धम्मतप जी इस देश में 79 साल बाद भी भारत देश में संविधान लागु नहीं होने की बात कहते हुए बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 (बी.टी. एक्ट) चलते रहना दुर्भाग्य पूर्ण कानुन बताते हुए उन्होंने कहा कि बौद्धों को महाबोधि महाविहार के प्रबंधन से पूर्णतः वंचित रखा गया।

भारतीय संविधान 1950 में लागु हुआ है, बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 (बी.टी. एक्ट) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13, 25, 26 व 29 का उल्लंघन करता है। अनुच्छेद 13 के अनुसार 26 जनवरी 1950 से पहले सभी कानुन, अधिनियम को निरस्त करने का प्रावधान है। देश की आजादी के 79 साल बाद भी यह बी.टी. एक्ट 1949 का चलते रहना संविधान की अवमानना है एवं बौद्धों के साथ अन्याय पूर्ण कानुनी है जिसके विरूद्ध बोधगया में 76 सालों से आंदोलन चल रहा है एवं महाबोधि महाविहार का पूर्ण प्रबंधन बौद्धों को मिलना चाहिए इसलिए 134 सालों से आंदोलन चल रहा है। इसी तारतम्य में बी.टी. एक्ट 1949 निरस्त किया जाये एवं महाबोधि महाविहार का पूर्ण प्रबंधन बौद्धों सौपा जाये इस उद्देश्य को लेकर ऑल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम छत्तीसगढ़ के माध्यम से महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन हेतु संस्कारधानी राजनांदगांव में 1 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक कलेक्टर कार्यालय के सामने ओवर ब्रिज के नीचे राजनांदगांव शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया।

पूज्य भदंत धम्मतप जी आगे कहते है हमारी मांगों को लेकर ना ही केन्द्र सरकार ने गंभीरता दिखाया है, ना ही बिहार के राज्य सरकार ने गंभीरता दिखाया है हम एक माह का धरना प्रदर्शन करने के पश्चात भी छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने हमारी किसी प्रकार की सुध नहीं ली है। मांगों को लेकर महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के तृतीय चरण के प्रेरणेता डॉ. आकाश लामा जी के नेतृत्व में संपूर्ण भारत में मशाल यात्रा निकाली जा रही है इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ राज्य में पूज्य भदंत धम्मतप के माध्यम से संस्कारधानी राजनांदगांव में राज्य स्तरीय शांति मशाल यात्रा निकाली जा रही है जो संपूर्ण छत्तीसगढ़ भ्रमण करेगी एवं महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन हेतु जनजागृति फैलायेगी।

## आज पुष्टिमार्गीय गो.श्री कमलेश महाराज श्री का आगमन, कल से प्रवचन व ब्रहम्संबंध का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। एक लम्बे अर्से के बाद श्री वल्लभाचार्य के वशंज गो. श्री 108 कमलेश कुमार महाराज श्री का आगमन शहर में हो रहा है। वे 23 अगस्त 25 को मार्ग द्वारा नागपुर से संध्या पधारेंगे। स्थानीय श्री जलाराम मंगल भवन गुजराती कालौनी, कंचन बाग के परिसर में तीन दिवसीय उनका प्रवचन 24 से 26 अगस्त तक आयोजित है। प्रवचन 'सिद्धांत रहस्य एवं षोडश ग्रंथ' पर अपराह्न 4:30 बजे से 6:30 बजे तक रखा गया है।

श्री गुजराती समाज व श्री माहेश्वरी समाज के पुष्टिमार्गीय वैष्णवजनों से अपील है कि वे इस अलौकिक प्रसंग का लाभ अर्जित कर कृतार्थ होवें। पूज्य महाराज श्री के द्वारा इच्छुक वैष्णवजनों को ब्रह्मसंबंध की दीक्षा भी प्रदान की जावेगी। कृपया इस हेतु दीपक एल. बुद्धदेव मो.-98271-06481, श्रीमति दिव्या बेन नगदिया मो.-70007-31674 एवं श्रीमति रूपा बेन चतवानी मो.- 93016-13922 से संपर्क कर विस्तारपूर्वक जानकारी ले सकते हैं।

## कन्हारपुरी में नाले में गिरकर हुई युवक की मौत पर पुलिस ने की एफआईआर

**ठेकेदार सहित नगर निगम अधिकारियों के खिलाफ जुर्म दर्ज**

राजनांदगांव (दावा)। कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 में खोदे गए नाले में गिरकर वार्ड के ही युवक आकाश साहू की हुई दर्दनाक मौत के मामले में ठेकेदार सहित नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त घटना के दोषी पाये जाने वाले ठेकेदार प्रखर श्रीवास्तव, निगम के कार्यपालन अभियंता संजय कुमार वर्मा, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, सब इंजिनीयर अशोक देवांगन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा इनके खिलाफ जांच कार्रवाई की जा रही है।

## मुख्यमंत्री विदेश दौरे पर, खेल अलंकरण समारोह टला, अब 3 सितंबर को होगा

रायपुर। राष्ट्रीय खेल दिवस पर 29 अगस्त को इस साल खेल अलंकरण समारोह आयोजित नहीं किया जाएगा। इसका कारण है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वर्तमान समय में विदेश दौरे पर हैं। उनके 2 सितंबर को वापस लौटने की संभावना है। इसे ध्यान में रखकर इस बार 3 सितंबर को राज्य खेल अलंकरण समारोह आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। दूसरी ओर, खेल विभाग ने विभिन्न अवॉर्डों के पात्र खिलाड़ियों, प्रशिक्षक व विभूति के चयन की तैयारी शुरू कर दी है। गुरुवार को वर्ष 2023-24, 2024-25 के लिए राज्य खेल अलंकरण के पात्रों के चयन के लिए खेल सचिव की अध्यक्षता में 8 सदस्यीय राज्य स्तरीय निर्णायक समिति की बैठक हुई, जिसमें आवेदनों पर विस्तृत चर्चा की गई। दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद चयनित खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व विभूतियों के फाइनल नामों की घोषणा की जाएगी।







विनीत - मधु फैन्स क्लब, राजनांदगांव




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com